बरेली, बुधवार
22 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO : IV MIDDLE

एसआरएमएस स्टेडियम में फुटबाल खेलते खिलाड़ी • सौ. आयोजक

फुटबाल के पहले मुकाबले में डीपीएस बना विजेता

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट सीजन दो की शुरूआत

जासं, बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) में मंगलवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट सीजन टू का आरंभ हुआ। उद्घाटन मैच में डीपीएस ने पेनाल्टी शूटआउट में एयर फोर्स स्कूल को तीन-एक से पराजित कर जीत हासिल की। दूसरे मैच में कृष्णा पब्लिक स्कूल की टीम ने जिंगल बेल्स को 1-0 से हराया। जयपुरिया स्कूल की टीम के न पहुंचने पर तीसरे मैच में सोफी पब्लिक स्कूल को वाकओवर से विजयी घोषित किया गया।

सीईटी के प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता ने कहा, टूर्नामेंट का पहला सत्र 2025 में आयोजित हुआ। नाकआउट आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में फाइनल सहित कुल 14 मैच होंगे। इसके लिए 15 टीमों को दो ग्रुपों ए और बी में रखा गया है। टूर्नामेंट के चारों क्वार्टर 23 अप्रैल को और दोनों सेमीफाइनल 24 अप्रैल को खेले जाएंगे। 25 अप्रैल को सुबह नौ बजे फाइनल मैच होगा। उद्घाटन समारोह में बरेली जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह बख्शी, सचिव मून राबिन्सन, अंतरराष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी नसीम अख्तर, एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। इस दौरान आयोजन सचिव डा. पुष्पेंद्र यादव, डा. आशुतोष पांडे, बास्केटबाल कोच डा. नितिन सक्सेना, क्रीड़ा अधिकारी शंकर पाल सिंह गंगवार, डा. आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।